यमुना के 91वें अंक में प्रकाशित होने हेतु रचनाएँ आमंत्रित।

यमुना
सृजनात्मक | जीवंत | प्रवाहमयी

सादर प्रणाम,

सभी पाठकों को सूचित किया जाता है कि 'यमुना' का 91वाँ अंक प्रकाशित करने हेतु पत्रिका के संपादन मंडल ने अपना कार्य प्रारंभ कर दिया है।

इसी संदर्भ में पत्रिका का हिंदी खंड श्री राम कॉलेज ऑफ़ कॉमर्स के संपूर्ण छात्रगण, अध्यापकगण एवं शैक्षणिक, प्रशासनिक, पुस्तकालय, लेखा, प्राचार्य कार्यालय व अन्य सभी विभागों के सदस्यों और कर्मचारियों से उनके द्वारा **रचित मौलिक अप्रकाशित साहित्यिक कृतियाँ** पत्रिका में प्रकाशित करने हेतु आमंत्रित करता है।

साहित्यिक रचनाओं के कुछ उदाहरण - लेख, कविता, गीत, ग़ज़ल, कहानी, निबंध, हास्य-व्यंग्य, यात्रा-वृत्तांत, घटना विवरण, शेर-ओ-शायरी, शोध आलेख इत्यादि हो सकते हैं।

यदि आप अपनी कोई रचना प्रकाशित कराना चाहते हैं तो निम्नलिखित नियमों का ध्यान रखें-

१) रचना मौलिक एवं अप्रकाशित होनी चाहिए और इस आशय की घोषणा रचना के अंत में की जानी चाहिए। रचना हिंदी भाषा में, देवनागरी लिपि में स्वच्छ लिखावट में लिखी हुई होनी चाहिए। वर्तनी व व्याकरण की सभी अशुद्धियों की जाँच करने के बाद ही रचना जमा करें।

२) अपनी रचना A4 पृष्ठ पर लिखकर दें। रचना के पहले पृष्ठ के दाएँ कोने पर आपका नाम, कोर्स एवं वर्ष, फ़ोन नम्बर व ईमेल स्पष्ट रूप से लिखे होने चाहिए। रचना का शीर्षक भी लिखा होना चाहिए। रचनाओं के साथ अपनी एक पास्पोर्ट साइज़ फ़ोटो संलग्न करें।

३) रचना प्रकाशित करने या न करने का अंतिम निर्णय संपादक का होता है। आपके द्वारा जमा की गई रचना सुनिश्चित रूप से प्रकाशित हो यह अनिवार्य नहीं है।

४) केवल श्री राम कॉलेज से जुड़े वर्तमान व भूतपूर्व छात्रों, अध्यापकों एवं कर्मचारियों के लेख ही पत्रिका में प्रकाशित होंगे।

५) यदि आप चाहे तो यूनिकोड मंगल फॉंट में हिंदी में टाइप कर के हमें अपनी रचना ईमेल द्वारा भी भेज सकते हैं।

ईमेल- yamuna.srcc.h@gmail.com

किसी अन्य जानकारी के लिए आप हमें दूरभाष या वॉट्सएप्प/ एसएमएस पर संपर्क कर सकते हैं।

+91 7827211096 (अन्नू)

+91 8368047766 (पलक)

आप फेसबुक या ईमेल के माध्यम से भी हमसे संपर्क कर सकते हैं।
www.fb.com/Yamunasrcc
yamuna.srcc.h@gmail.com

कॉलेज के वर्तमान छात्रों के लिए **<u>अंतिम तारीख 31 अक्टूबर.2018</u>** है!

अन्नू	डॉ.रवि शर्मा (03/10/18)	प्रो.सिमरित कौर
(मुख्य छात्र संपादक)	(संपादक)	(प्राचार्या)